**Name ............................... Roll No. ............................... SS**

# वार्षिक परीक्षा–2026
# कक्षा–XI
# विषय–जीवविज्ञान

**समय–3.00 घण्टे** **पूर्णांक–70**

**नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। आवश्यकतानुसार प्रश्नों की पुष्टि नामांकित रेखाचित्रों द्वारा कीजिए। सभी प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।**

**बहुविकल्पीय प्रश्न–प्रत्येक 1 अंक**

**1. (क) प्रकाश संश्लेषण की क्रिया सबसे अधिक होती है।** **1**

**(अ)** लाल रंग में **(ब)** हरे रंग में
**(स)** पीले रंग में **(द)** नीले रंग में

**(ख) ग्लाइकोलाइसिस की क्रिया सम्पन्न होती है।** **1**

**(अ)** कोशिका द्रव्य में **(ब)** माइटोकाण्ड्रिया में
**(स)** ग्रेना में **(द)** स्ट्रोमा में

**(ग) फल पकाने वाला हॉर्मोन्स है।** **1**

**(अ)** इथाइलीन **(ब)** ऑक्सिन
**(स)** साइटोकाइनिन **(द)** जिबरेलिन

**(घ) सिस्टेमा नेचुरी नामक पुस्तक के लेखक हैं–** **1**

**(अ)** लिनियस **(ब)** लैमार्क
**(स)** अरस्तू **(द)** मेण्डल

**2. (क) मानव शरीर में पाये जाने वाली सबसे बड़ी तथा छोटी अस्थि का नाम बताइए।** **1**

**(ख) मानव शरीर में पाये जाने वाली सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अन्त:स्रावी ग्रन्थि का नाम बताइए।** **1**

UPBoardHub

(ग) सभी छात्र या छात्राएं अपने-अपने वैज्ञानिक नाम बताइए। 1

(घ) पादप जगत का उभयचर किसे कहा जाता है ? और क्यों ? 1

(ङ) पुष्प के चार भागों को दो भागों में विभक्त कीजिए। 1

3. (क) पाश्चुरीकरण किसे कहते हैं ? 2

(ख) प्रथम प्रतिजैविक को स्रोत बताते हुए इसके खोज कब और किसने की ? 2

(ग) E.C.G. तथा E.M.P का पूरा नाम बताइए। 2

(घ) पुष्पक्रम किसे कहते हैं ? यह कितने प्रकार का होती है ? प्रत्येक का नाम बताइए। 2

(ङ) ऐसे दो जन्तुओं का नाम बताइए जिससे बाह्य निषेचन होता है ? 2

4. (क) स्तनधारी वर्ग या सरीसृप वर्ग का उदाहरण सहित लक्षण बताइए। 3

(ख) रन्ध्र के खुलने तथा बंद होने की क्रियाविधि का सचित्र वर्णन कीजिए। 3

(ग) समसूत्री तथा अर्द्धसूत्री विभाजन में प्रमुख अंतर बताइए। 3

(घ) मास्टर ग्रन्थि किसे कहा जाता है ? और क्यों ? 3

5. (क) धमनी तथा शिरा में छह प्रमुख अंतर बताइए। 3

(ख) मुख की अपेक्षा नाक से सांस लेना लाभदायक है क्यों ? 3

(ग) हैच-स्लैफ चक्र का रेखाचित्र दीजिए। वर्णन की आवश्यकता नहीं है। 3

(घ) श्वसन भागफल या श्वसन गुणांक किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित समझाइए। 3

6. (क) ऑक्सी तथा अनॉक्सी श्वसन में अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

(ख) द्विनाम पद्धति क्या है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। 3

UPBoardHub

(ग) कार्डेटा तथा नान कार्डेटा में प्रमुख अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

(घ) कुल सोलेनेसी का पुष्पसूत्र लिखकर उसका आर्थिक महत्व बताइए। 3

7. मानव हृदय की आन्तरिक संरचना का सचित्र वर्णन कीजिए। 5

अथवा

क्रेब्स चक्र का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

8. तंत्रिका कोशिका का सचित्र वर्णन कीजिए। 5

अथवा

प्रकाश संश्लेषण की क्रियाविधि का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

9. एक वृक्क नलिका का सचित्र वर्णन कीजिए। तथा परानिस्पन्दन एवं धनात्मक पुनरावशोषण को समझाइए। 5

अथवा

हरित लवक का सचित्र वर्णन तथा कार्य भी बताइए।

◊◊◊◊◊

UPBoardHub